जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप/2024/1364 दिनांकः 14.08.2024

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अग्रणी महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर

विषय :- परीक्षा केन्द्रों के भौतिक सत्यापन किये जाने विषयक।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले के समस्त महाविद्यालयों का भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चत करें। महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं जैसे- छात्रों की बैठक व्यवस्था, पानी एवं बिजली की सुविधा, सी.सी.टी.वी. कैमरा, महाविद्यालय तक पहुँच मार्ग की सुविधा, वीक्षकों की पर्याप्त संख्या, छात्रों एवं छात्राओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था, उत्तरपुस्तिकाओं एवं प्रश्न-पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था इत्यादि के आधार पर महाविद्यालय को कितने छात्रों के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है, इस संबंध में अपना प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरित को प्रस्तुत करें। जिसे सत्र 2024-25 की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र निर्धारण करते समय परीक्षा केन्द्र निर्धारण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा, कम्पू, ग्वालियर।
2. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

परीक्षा नियंत्रक